# कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
## नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in

पत्रांक 26 /                                                                 नगरपारा, दिनांक 07/01/26

## कोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रण सूचना सं0 23 वर्ष 2025–26

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर में डी.एल.एड. सत्र 2024–26 द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण संचालित है। प्रशिक्षण के क्रम में सभी प्रशिक्षुओं का बायोमैट्रिक द्वारा उपस्थिति दर्ज की जाती हैं। इसी दौरान माह जनवरी 2026 में सभी प्रशिक्षुओं को **SEP-2** हेतु अभ्यास विद्यालय भेजी जानी है। अभ्यास विद्यालय में सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी लैब विद्यालय हेतु कुल 07 बायोमैट्रिक लगाने का निर्णय लिया गया है।

अतः संबंधित कार्य में अनुभव रखने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता प्रति **ESSL Al Face Mars Bio-metric** GST के साथ मूल्य दर का कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर पिन नं0 853203 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/E-mail- ptecnagarpara17@gmail.com अथवा हाथों–हाथ कार्यालय अवधि में आमंत्रित की जाती है।

**कोटेशन संबंधित दिशा–निर्देश निम्नवत है :–**

1. कोटेशन प्रति **ESSL Al Face Mars Bio-metric** की दर से GST के साथ देना अनिवार्य है।
2. कोटेशन सील बंद लिफाफे में दिनांक 10.01.2026 संध्या 04:00 बजे तक प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय नगरपारा, भागलपुर–853203 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।
3. कोटेशन दाता को GST NO./PAN NO. तथा आधार नं0 संलग्न करना आवश्यक है।
4. निर्धारित तिथि तक सीलबंद लिफाफे में प्राप्त कोटेशन दिनांक 12.01.2026 को अपराहन् 05:00 बजे प्राचार्य कक्ष में गठित क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा। सबसे कम दर वाले कोटेशन दाता द्वारा समर्पित आवश्यक दस्तावेजों के जाँचोपरान्त कार्यादेश निर्गत किया जाएगा। उपरोक्त अवधि एवं समय में कोटेशनदाता स्वंय अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।
5. कार्यादेश निर्गत–तिथि से दो दिनों के अवधि में **ESSL Al Face Mars Bio-metric** की आपूर्त्ति आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा, अन्यथा की स्थिति में अद्योहस्ताक्षरी उचित निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र होगें।
6. आपूर्त्ति किये गये सामग्री की गुणवत्ता/विशिष्टयाँ मानक के अनुरूप नहीं होने पर सामग्री वापस की जा सकेगी।
7. यदि न्यूनतम दर वाले कोटेशन दाता/आपूर्त्तिकर्त्ता के साथ अनुबंध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर वाले आपूर्त्तिकर्त्ता का चयन कर क्रयादेश दिया जायेगा। विस्तृत सूचना संस्थान से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है, अथवा महाविद्यालय के बेवसाईट https://www.ptecnagarpara.org.in/ का अवलोकन किया सकता है। कोटेशन को बिना कोई कारण बताये रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

Ranjan Kumar 07-01-2026

वरीय व्याख्याता
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

07/01/26
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

ज्ञापांक 26 /नगरपारा, दिनांक 07/01/2026

प्रतिलिपि :– श्री राकेश रंजन, उच्च वर्गीय लिपिक–सह–चेकर/श्री प्रकाश कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक–सह–मेकर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आंतरिक समिति/क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री केतन कन्हैया, Accountant Assistant, PTEC NAGARPARA भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– निदेशक, SCERT पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Ranjan Kumar 07-01-2026

वरीय व्याख्याता
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

07/01/26
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर



Scanned with OKEN Scanner